## संक्षिप्त

### पायलट की जयंती पर मरीजों को किये फल वितरित

**पावटा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता स्व.राजेश पायलट की जयंती पर सोमवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर की अगुवाई में उपजिला अस्पताल पावटा में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर व भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि भले ही राजेश पायलट अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन राम राम सा कहते ही मन में राजेश पायलट का चित्रण हमारे सामने आ जाता है। उन्होंने सदैव आम मजदूर किसान वर्ग के हक के लिए राजनीति की। इस दौरान दौरान सुरेश चंद्र शर्मा, अजय सैनी, ओपी बायला, सुनील बिड़ला, विक्रम यादव रिजवान कुरैशी, सीताराम, विकास चौधरी, इरफान, राजू सैनी मालीराम यादव मौजूद थे।

### बालिकाओं से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

**निवाई।** ग्राम पंचायत पलेई में सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में बालिका हितेषी ग्राम पंचायत विकसित करने हेतु विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसान सेवा समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा द्वारा संगठनात्मक ढांचा एवं संगठन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने संभागियों को संस्थागत परिचय दिया। प्रभारी अनीता शर्मा ने शाखा स्तर पर संचालित परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बैठक के उद्देश्य के बारे में बताया। बैठक में बालिकाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलेई के उपप्राचार्य संतोष कुमारी ने विद्यालय में बालिकाओं के अनुकूल वातावरण निर्माण की भूमिका निभाने के लिए आश्वस्वस्थ किया।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** ग्राम पंचायत राजावास के गांव गिरधारीपुरा में चारागाह भूमि से गौशाला के लिए भूमि आवंटन करने की मांग का ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार नरेश गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। पंचमुखी हनुमान मंदिर व आश्रम के संत गंगा गिरी महाराज ने बताया की गांव गिरधारीपुरा में चारागाह भूमि के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर व आश्रम स्थित है। ग्राम पंचायत में अन्य कोई गौशाला दी संचालित नहीं है जिसकी वजह से आवारा गोवंश के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि गौशाला के लिए भूमि आवंटित हो जाती है तो गौशाला का निर्माण करवा कर गोवंश के लिए व्यवस्था की जा सकती है। इसको लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है।

### अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किया जब्त

**निवाई।** थाना क्षेत्र के खणदेवत रोड से पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सूरजमल ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान खणदेवत रोड पर एकलव्य आवासीय विद्यालय के समीप अवैध बजरी भरकर परिवहन करते हुए पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को रोका और चालक से वैध कागजात मांगे। किसी भी प्रकार का वैध कागजात नहीं मिलने पर मय बजरी के ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया और चालक मनीष गुर्जर निवासी गुड्डा आनंदपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

### जलदाय मंत्री आज करेंगे जनसुनवाई

**टोंक।** जनप्रतिनिधि आपके द्वार के तहत जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी उपखंड टोडारायसिंह के एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसुनवाई करेंगे। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी ग्राम पंचायत भांसू, रामसिंहपुरा, दाबड़दुंबा, बद्रीपुरा, नारेड़ा, मूंडियाकलां, निमेड़ा, बड़ी पथराज, छोटी पथराज, भांवता, लक्ष्मीपुरा, खेडूल्या एवं बस्सी में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# साइकिल ट्रैक व मदर बेबी फीडिंग रूम बनाने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

- आधारभूत संरचना की प्रगति की स्मीक्षा बैठक आयोजित। मोती डूंगरी के चिल्ड्रन पार्क को आइडियल पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश।

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने समीक्षा बैठक करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधारभूत संरचना संबंधित समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रमुखतया नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर विकास न्यास, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, आरएसआरडीसी एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 30 लाख रुपए से अधिक लागत के आधारभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) की प्रगति की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने नगर विकास न्यास के कार्यों की समीक्षा कर एसटीपी के पानी के पूर्ण पुनःउपयोग की कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोती डूंगरी के चिल्ड्रन पार्क को आइडियल सर्व सुविधायुक्त चिल्ड्रन पार्क के रूप में विकसित करने, अच्छी गुणवत्ता के साइकिल ट्रैक निर्माण करने व शहर में दो सार्वजनिक जगहों पर मदर बेबी फीडिंग रूम तैयार करवाने की निर्देश दिए।




जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु एनकेप (एनसीएपी) के तहत चल रहे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ आगामी चार माह में पूर्ण कराए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हेतु विभागीय समन्वय स्थापित करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी कार्य जैसे शौचालय, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की डैशबोर्ड बनाकर निगरानी तथा पानी संरक्षण संबंधी कार्य जैसे रेनवाटर हार्वेस्टिंग व एनीकट निर्माण इत्यादि में आवश्यक कार्यवाही करते हुए समयबद्ध पूर्ण करवाएं। उन्होंने अमृत 2.0 प्रथम फेज के तहत शहर में होने वाले सीवरेज कार्य की वस्तुस्थिति जानकर आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने जल संसाधन विभाग के नहर एवं एनीकट निर्माण संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों जैसे नटनी के बारा बियर से जयसमंद बांध तक नहर का उन्नयन व ईआरसीपी संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार नरूका, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद्र सैनी, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र मोथू, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता संजय खत्री सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## करिअर मेले का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर की अध्यक्षता में करियर मेला का आयोजन किया गया।

विशिष्ट अतिथियों की श्रृंखला में ,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, डीआरडीओ से सेवानिवृत सीताराम सैनी,गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य सांवरमल जाट, एसबीआई बैंक के मैनेजर जुगल किशोर गढ़वाल ,कृषि विभाग से सेवानिवृत उपनिदेशक भागीरथ मल सबल उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर तथा उप प्रधानाचार्य सज्जन सिंह जाट, केरियर मेले प्रभारी विनोद कुमार यादव उपाचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

करियर मेले के आयोजन से पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों को परीक्षा से तनाव मुक्त करने के बहुत से सुझाव दिए ।बच्चों ने इस कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक सुना और प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल करने का विश्वास जताया।

# 'डबल इंजन की सरकार तेज गति से करेगी विकास कार्य'

- स्वागत व अभिनंदन समारोह में भाग लेने पहुंचे मंत्री, सांसद विधायक

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्र के ढाणी-चैनाका वाली, चैनापुर, जाजैकलां में आयोजित सम्मान समारोह एवं सवामणी कार्यक्रम में केनगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री राजस्थान सरकार झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के पुत्र राजकुमार देवायुष, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने भूराराम रूण्डला, कैलाश रूण्डला, रामसिंह रूण्डला, सीताराम रूण्डला बीएमसी जाजैकलां द्वारा आयोजित स्वागत व अभिनंदन समारोह में ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा व लोकसभा चुनाव में दिये गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया। इस दौरान आयोजकों व ग्रामवासियों ने राज्यमंत्री, सांसद, विधायक का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक कुलदीप धनकड ने सभी उपस्थितिजनों को भाजपा को अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया।

राज्य मंत्री राजस्थान सरकार झाबर सिंह खर्रा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में हुई भाजपा की जीत की भी सभी उपस्थित जनसमूह को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है।

आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थीं। वहीं विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं, जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी। विधायक धनकड ने इस मौक़े पर अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा चुनाव में हुई यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है। भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। अब क्षेत्र में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा।

इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक भूराराम रूण्डला, कैलाश रूण्डला, रामसिंह रूण्डला, सीताराम रूण्डला बीएमसी जाजैकलां, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्रीय पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, भाजपा पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास कैरोड़ी, विराट नगर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष महेश यादव , रोहिताश ताखर, शाहपुरा अध्यक्ष बंशीधर सैनी सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी

**चौंमू / कालाडेरा।** कालाडेरा कस्बे के अस्पताल रोड़ से मैन बाजार को जाने वाले आम रास्ते के क्रोनर पर अवैध अतिक्रमण करने की सूचना पर सोमवार को ग्राम पंचायत प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने को लेकर मस्जिद कमेटी को नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल से मैन बाजार की ओर जाने वाले आम रास्ते के क्रोनर

पर एक समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है। गौरतलब है कि पहले ही आम रास्ते पर अतिक्रमण होने के कारण आये दिन जाम लगता रहता है। जिस जगह अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है उस जगह पर हादसे होते रहते है क्योंकि इस आम रास्ते पर चार रास्त एक साथ जुड़ते है। अगर ऐसे ही एक विशेष समुदाय के द्वारा अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया जायेगा तो आने वाले समय में वाहनों के साथ ही ग्रामीणों व आने वाले लोगों को जाम का सामना करना पड़ेगा साथ ही कोई ना कोई बड़ हादसा होने का अन्देशा भी बना रहेगा। पंचायत प्रशासन को तत्काल अवैध निर्माण को हटाने का काम करना चाहिए।

# बिजली की अघोषित कटौती को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया

- विरोध प्रदर्शन कर बिजली निगम अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी

**सिकराय।** गढ़ मोड़ स्थित बिजली निगम के 33 केवी बिजली सब स्टेशन पर सोमवार को रात्रि के समय गांवों में बिजली की अघोषित कटौती से परेशान होकर गुस्साएं दर्जनों किसानों व ग्रामीणों ने कटौती के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया है। किसानों ने बिजली निगम के कर्मचारियों द्वारा मनमानी करते हुए कटौती करने का आरोप लगाया है।



ग्रामीणों ने गढ़ गांव में 33 केवी बिजली सब स्टेशन पर विरोध प्रदर्नश किया।

इस दौरान राणोली ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि समुद्र सिंह गुर्जर सहित दर्जनों लोग बिजली सब स्टेशन पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय सिंगल फेस बिजली की अघोषित बिजली की कटौती की जाती है और दिन के समय भी किसानों के लिए खेतों में पानी पिलाई के लिए दी जाने वाली थ्री फेस बिजली की आपूर्ति नहीं की जाती है। किसानों के द्वारा हंगामा व विरोध प्रदर्शन करने की सूचना मिलने पर राणोली पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समजाईस कर बिजली निगम अधिकारियों सेॐ वार्ता कारवाई।

## दिल्ली की हार पर कांग्रेस आलाकमान एक्शन ले : अजय अग्रवाल

**अलवर।** दिल्ली में कांग्रेस की हुई शर्मनाक हार पर अलवर शहर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पूर्व नगर परिषद चेयरमेन अजय अग्रवाल के बेबाक ब्लाक ने अलवर कांग्रेस में कांग्रेस में नई हलचल पैदा कर दी है।

पूर्व चेयरमैन एवं हाल कांग्रेस के अलवर शहर विधानसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने अजय अग्रवाल लाईव मीडिया गुरप में ब्लाक लिखा है जिसमें उन्होंने कांग्रेस आला कमान को आत्म चिन्तन की सलाह दी है। आल इंडिया कमेटी को दिल्ली में हुई करारी हार को लेकर आत्म चिंतन की जरूरत है। आखिर कांग्रेस के नेतृत्व को क्या हो गया है दिल्ली में लगातार दस साल सत्ता में रहने के बाद 15 साल से जीरो सीट आ रही है आखिर क्या हो गया है दिल्ली में 67 एमएलए प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने पर भी सम्पूर्ण कांग्रेस में चुप्पी का वातावरण बना हुआ है यह बेहद अफसोसजनक है कांग्रेस अध्यक्ष खडके और राहुल गांधी को जल्दी से बैठक कर कोई ना कोई एक्शन लेना होगा। यदि अभी भी कांग्रेस आलाकमान नही जागा तो कांग्रेस के लिए आगे आने वाला समय और भी ज्यादा गंभीर होगा उन्होंने पार्टी से माफी मांगते हुए कहा कि कांग्रेस में अब बदलाव की जरूरत है। प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने जिस प्रकार हिम्मत कर आला कमान को यह बात कहने का साहस जुटाया है अगर ऐसे ही अन्य कार्यकर्ता भी साहस जुटा कर सच्चाई से आला कमान को अवगत कराएं तो हो सकता है कांग्रेस की फिर से उभर सके। ऐसे नेता पर कांग्रेस को गर्व होना चाहिए जिसमे सच्चाई कहने का साहस है और कबीर दास जी ने भी कहा है कि निन्दक नियरे राखिए आँगन कुटी बना अगर कांग्रेस पार्टी ने अग्रवाल की सलाह मानी तो यह कांग्रेस के लिए आगे आने वाले समय में काफी फायदे का सौदा होगी।

# पानी बिजली चिकित्सा को लेकर आमजन नहीं रहे परेशान : कलेक्टर

- तंबाकू मुक्त राजस्थान के प्रति आमुखीकरण, सहकारिता समिति की बैठक का भी आयोजन हुआ।

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय खैरथल पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली पानी चिकित्सा सहित तंबाकू मुक्त राजस्थान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने विभाग वाइज समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करे। जिससे आमजन को बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही कर




खैरथल जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बैठक ली।

परीवादों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें व पोर्टल पर भी इसकी जानकारी अपडेट करे तथा संपर्क पोर्टल पर पंजीकृत शिकायत का 7 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को विभिन्न मार्गो एवं शहर में क्षितग्रस्त सडकों की मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमणों को हटवाने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे यातायात सुगम हो सके। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को टपूकड़ा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार पशुपालन अधिकारी को मंगला पशु योजना में पंजीकरण के निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### केरियर मेले का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बनेठी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को केरियर मेले का अयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं केरियर कांऊसलर अनिल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को 12वीं पास के बाद कॉलेज शशिक्षा के साथ स्टेनो के क्षेत्र में प्रवेश लेने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि 12वीं पास के बाद स्टेनो व कम्पयुटर टाईपींग सीखकर युवा सैकेण्ड ग्रेड नौकरी पा सकते है। उन्होने स्टेनो के क्षेत्र में मिलने वाले विभीन्न विभागों के बारे में भी छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आने वाला समय स्कील के क्षेत्र का है। उन्होने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश का युवा मोदी जी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कील योजनाओं के माध्यम से ना केवल आगे बढ़ रहा है ब्लकि रोजगार परक बन रहा है। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भागीरथ मल मीणा ने बालकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की पानी और पतिभा का रास्ता कोई रोक नहीं सकता ये दोनो ही अपना रास्ता स्वयं बना लेते है। उन्होंने छात्रों से जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्यातिथि यूको बैंक प्रबंधक विजय यादव ने बैंकिगं क्षेत्र मे युवाओं को भविष्य बनाने की बात कहीं।

### रिहाई को लेकर मंदिरों में की पूजा अर्चना

**निवाई।** ग्राम पंचायत रजवास के गांव गुढ़ा आनन्दपुरा में ज्वाला माता समिति के तत्वावधान में नरेश मीणा की जेल से रिहाई के लिए निवाई पीपलू रोड पर गुढ़ा आनन्दपुरा मोड पर बोर्ड लगाकर नरेश मीणा के समर्थन में 25 फरवरी को जयपुर में आयोजित विशाल रैली में भाग लेने का आगाज किया गया। इस दौरान निवाई पीपलू रोड पर गुढ़ा आनन्दपुरा मोड पर नरेश मीणा के समर्थको ने छायाचित्र बोर्ड स्थापित कर डीजे की धून पर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर जेसीबी मशीन द्वारा पुष्पवर्षा कर लोगों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिलाए पुरुष व युवाओं ने नरेश मीणा की रिहाई के लिए जमकर नारेबाजी की। जिससे आसपास का वातावरण नारों से गुंजायमान हो गया। नरेश मीणा के समर्थको ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर नरेश मीणा की रिहाई के लिए अरदास लगाई। इस अवसर पर धोलूराम मीणा, समिति अध्यक्ष रामलाल मीणा, केसरलाल मीणा, नानगराम मीणा, कमलेश मीणा, नमोनारायण मीणा, पप्पूलाल मीणा, रामस्वरूप मीणा, रामधन गुर्जर, शिवराज सैनी, धर्मराज योगी, रामप्रसाद बैरवा व रामधन बैरवा सहित कई समर्थक मौजूद थे।

### माँ सरस्वती की मूर्ति का किया अनावरण

**मनोहरपुर।** खोरालाडकानी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शक्तपुरा माँ सरस्वती की मूर्ति का पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथी विधायक मनीष यादव व अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामचंद्र जाट ने की। विद्यालय में मां सरस्वती के मन्दिर का निर्माण स्व.बिरनाथ जी की पुण्यस्मृति में उनकी धर्मपत्नी प्रभुदेवा व उनके सुपुत्र भालूराम योगी, रोशनलाल, रिछपाल योगी की ओर से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मनीष यादव ने कहा कि शिक्षा से जीवन में सब कुछ अर्जित किया जा सकता है।

## 39 करोड़ 3 लाख का बजट पारित

**राजगढ़।** कस्बे के नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष सतीश दुहारिया, एवं विधायक मांगे लाल मीणा की मौजूदगी में बजट बैठक में सफाई का मुद्दा छाया रहा। बैठक में सर्वसम्मति से 39 करोड़ 3 लाख 90हजार का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इससे पूर्व बजट बैठक में सफाई की व्यवस्था को लेकर उपस्थित पार्षदों ने जमकर रोष व्यक्त किया। काफी समय से प्रॉपर सफाई नहीं होने के कारण नगर पालिका के पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी जगदीश खींचड़ एवं अध्यक्ष सतीश दुहारिया के समक्ष अपनी पीड़ा उजागर की। इस पर सफाई निरीक्षक ऋतिक सुपरवाइजरो को बोर्ड बैठक में 10 दिवस में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत दी।

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य मुकेश कुमार मीणा पुत्र श्री हरीश चन्द मीणा, निवासी ग्राम गुवाडी जयसिंहपुरा, वाया कालाडेरा, तहसील चौमू, जिला जयपुर का है। दिनांक 09.12.2024 को मेरा अभिभाष्य घर से अपनी बाईक से किसी काम से टाकरडां स्टेण्ड जा रहा था तो रास्ते में किसी जानकार के पास चाय पीने के लिए रोका तो बाईक पर अपना बैग रख दिया और चाय पीकर वापिस अपने बाईक के पास आया तो बैग बाईक पर नहीं था बैग में जरूरत के कागजात जिनमें पैन कार्ड, आधार कार्ड, स्टाम्प 500/- रूपये, तीन चैक नम्बर 498491 से 498493 हस्ताक्षरशुदा बैंक एसबीआई शाखा चौमू, जयपुर के थे एवं नगद 5700/- रूपये भी थे। किसी को मिले तो सम्पर्क करें एवं कोई दुरूपयोग ना करें।
जयपुर (सज्जन सिंह) एडवोकेट
दिनांक-10.02.2025 मो.नं. 9462661160

**सम्मन बनाम रेस्पोडेण्ट**
(आर्डर 4 रुल जाब्ता दीवानी)
अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, सायला बमुकाम सायला
ब- इजलास श्रीमान सुरजभान विश्नोई (आर.ए.एस)
अपीलाण्ट - महेशदान रेस्पोडेण्ट -ग्रा.प. तिलोडा वगैरा
म्युटेशन अपील धारा 75 रा.भु.रां.अ.1956
मुकदमा नम्बर - 41/सन्2024
मुसम्मी
1. सरपंच ग्रा.प. तिलोडा 2. राजाराम पुत्र उदाराम 3. गटु देवी पुत्री निम्बा 4. तलसा पुत्र जवाना 5. देरामा पुत्र जवाना 6. दलाराम पुत्र निम्बा 7. नेनु देवी पत्नि स्व. निम्बा 8. बाबूलाल पुत्र निम्बा 9. भुरी पत्नि उदा 10. सीतादेवी पुत्री निम्बा 11. हडमताराम पुत्र उदाराम 12. हरजी पुत्र जवाना 13. हीराराम पुत्र उदाराम जातियान कलबी निवासीगण हरमू तहसील सायला जिला जालोर राज. जरिये हाजा इतिला दी जाती है कि महेशदान ने इस मुकदमे मे अपील पेश की जो इस अदालत के दर्ज रजिस्टर की गई है और ......... वार...... तारीख 12 माह 02 सन् 2025 को इस अदालत मे अपील सुनवाई के लिए मुकर्रर की है। अगर आपकी तरफ से आप खुद आपका वकील या और कोई शख्स कानुनन इस अपील की आपकी तरफ से पैरवी कर सकता हो हाजिर नही हुआ तो आपकी अदम मौजुदगी मे अपील सुना व फैसला किया जायेगा। बसिख्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 28 माह 01 सन् 2025 को जारी किया गया।
मोहर
रीडर
सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ) सायला

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य गिरधार गोपाल अजमेरा पुत्र स्व. श्री दामोदर अजमेरा, निवासी डी-2, आनन्द बाडी, गलता रोड, जयपुर के है। मेरे अभिभाष्य के पिता दामोदर दास ने आनन्द बाडी, गलता रोड जयपुर पर प्लाट संख्या डी-1 व डी-2 बनाये थे, जिसमें डी-2 में मेरे अभिभाष्य निवारत है तथा डी-1 में श्रीमती कौशल्या देवी व मंजू देवी एवं अभिलाष अजमेरा निवास करते है। प्लॉटों के सामने 83 फीट गुणा 43 फीट खाली जमीन जो मेरे अभिभाष्य सहित अन्य सभी वारिसान की है, जिस पर अभिभाष्य अजमेरा निर्माण कार्य कर रहा एवं दुकाने बनवा रहा है, को कोई भी व्यक्ति ना तो खरीद करें एवं ना ही उक्त संपत्ति पर लोन आदि देवें एवं ना ही किराये आदि पर लेवें। यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त सन्दर्भ में कार्यवाही करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी एवं मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अत सूचित रहें।
दिनांक-10.02.2025 शंकर लाल गुप्ता, एडवोकेट मो. 9829253395

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म M/S/ S.B. AUTO SPARES 24-25 रिद्धी सिद्धि नगर, नांगल पोस्ट ऑफिस के पास, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर-302012 पंजीयन संख्या RF/JPU/2023/1468 में दिनांक 16.04.2024 से भागीदार श्रीमती आईसा बानो पत्नी श्री मोहम्मद सलीम रिटायर हो गई है। सूचित रहे। यदि किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (शहर) में आपत्ति दर्ज करावें।
S.B. AUTO SPARES

**नाम परिवर्तन**
मैं रवि कुमार गोयल और सीमा धारीवाल निवास 46-बी, श्री पुरम कालोनी गुर्जर की थडी जयपुर-302019 हम अपने पुत्र नैतिक का नाम बदल कर नैतिक गोयल रखा है भविष्य में इसको इसी नाम से जाना जाए।

मैं सेना नं. JC472088Y सुबेदार विजेन्द्र पुत्र स्व. श्री मालीराम निवासी विलेज पोस्ट किठाना, तहसील चिडावा राजस्थान। मेरे सर्विस रकिार्ड में मेरी पुत्री का नाम व जन्मतिथि गलती से मोनो नेहरा व 20.10.2008 दज है। जबकि उसकी सही नाम जन्मतिथि मानसी चौधरी व 28.05.2011 है। नोटरी पब्लिक जिला न्यायालय जयपुर

मैं सेना नं. JC472088Y सुबेदार विजेन्द्र पुत्र स्व. श्री मालीराम निवासी विलेज पोस्ट किठाना, तहसील चिडावा राजस्थान। मेरे सर्विस रकिार्ड में मेरी पुत्री का नाम व जन्मतिथि गलती से Chetana Chaudhary व 28.06.2006 दर्ज है। जबकि उसकी सही नाम जन्मतिथि Chetarna Choudhary व 27.04.2007 है। नोटरी पब्लिक जिला न्यायालय जयपुर।

I Lavali D/o Laxman Singh R/o Ward No. 25 Besik School Ke Pass, Rajakhera, PO. Rajakhera, Dist-Dholpur, Rajasthan-328025 have changed my name to Anjali Raghav

I Anjna Alias Anjna Kumari W/o Ashok Kumar Goyal R/o 34, G Block, Ganganagar, Ganganagar, Rajasthan-335001 have changed my name to Anjna Goyal.

**खोया पाया**
मेरे मकान नम्बर बी-68-एफ, जेडीए कॉलोनी बक्सावाला, सांगानेर, जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें। नीरज-7414019690

बाबा आर.एन. गौड गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना मान बिहार विस्तार के प्लॉट नं. 50 का आवंटन पत्र पट्टा साइड प्लान एवं रसीद खो गये है मिलने पर संपर्क-9414788054, 7339815263

जेडीए की योजना नेवटा ग्लोबल का आवंटन पत्र प्लॉट नं. 18-C, A/541, 419, 1284-C खो गये है मिलने पर संपर्क करें-8952000043

मेरे मकान 7/313 मालवीय नगर (जो कि हरीश कुमार के नाम) का मूल नियमितिकरण (क्रम-8124787), अदेय प्रमाण पत्र (क्रम-8124787) एवं एक मुस्त लीज़ राशि प्रमाण पत्र (क्रम-8124789) मालवीय नगर में कहीं गिर गये। मिलने पर सूचित करें-राजमल जैन-9460723405

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Bhusawar : Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. : F.( )/Dean-COAB/2025/994-99 Dated :- 06/02/2025
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Class Room Furniture are invited from interested bidders up to 11 AM, 13.02.2025. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state or www.sknau.ac.in University website.
NIB code SKN2425A0358 and UBN is SKN2425GSOB00361
Raj.Samwad/C/24/11401 DEAN